<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

<u>राज्यपाल से मिले लामार्टिनियर के छात्र राहुल के माता-पिता</u>

<u>गत माह राहुल की कालेज बिल्डिंग से गिरकर हुई थी मौत</u>

लखनऊः 6 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन श्री वी0 श्रीधरन और उनकी पत्नी ने मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि गत माह श्री वी0 श्रीधरन के पुत्र राहुल, छात्र लामार्टिनियर बाॅयज कालेज, की कालेज बिल्डिंग से गिरकर मृत्यु हो गयी थी। राज्यपाल ने दिवंगत राहुल श्रीधरन के माता-पिता को ध्यानपूर्वक सुना और पुलिस महानिदेशक, श्री ए0के0 जैन से फोन पर वार्ता पूरे मामले में की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली तथा श्री वी0 श्रीधरन को पुलिस महानिदेशक से मिलने के लिए भेजा।